कार्यालय नगर पालिक निगम रायगढ़ (छ.ग.)



# मासिक पत्रिका

# माह—मार्च

# 2016

# इस बार लगभग 4 अरब रू. का बजट



## ◆शहर सरकार का बजट होली के बाद पेश होगा

रायगढ़ (12 मार्च)। शहर सरकार अपने वाले वित्तीय वर्ष के लिए अपना बजट होली के बाद पेश कर सकती है। इस बार का बजट लगभग 4 अरब रूपए का होने का अनुमान है तथा संपत्ति टैक्स वृद्धि के मामले को भी बजट के लिए बुलाये गये विशेष सम्मेलन में ही रखा जा सकता है।

शासन के निर्देशानुसार टैक्स में 50 प्रतिशत की वृद्धि करने को एमआईसी से स्वीकृति मिल चुकी है, हालांकि जनता को राहत देने के लिए शिक्षा उप कर को घटाया गया है लेकिन इसका ज्यादा असर पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है।

महापौर मधु बाई की शहर सरकार अपने कार्यकाल का दूसरा बजट पेश करने की तैयारी कर रही है। माना जा रहा है कि होली के बाद विशेष सम्मेलन बुलाया जा सकता है। आगामी वित्तीय वर्ष के लिए तैयार किये जा रहे बजट पर सप्ताह भर के भीतर ही मेयर इन कौंसिल की बैठक हो सकती है। नगर निगम में जुड़े नये 8 वार्डों के विकास के प्रावधानों सहित इस बार का बजट लगभग 4 अरब रूपए तक का होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

वहीं बजट के साथ ही संपत्ति कर में 50 प्रतिशत बढ़ोत्तरी भी विशेष सम्मेलन में रखा जा सकता है। इस पर एमआईसी ने पहले ही स्वीकृति की मुहर लगा दी है। वित्त प्रभारी रामकृष्ण खटर्जी का कहना है कि शासन के निर्देशानुसार संपत्ति कर में वृद्धि की गई है लेकिन इससे राहत देने के लिए शिक्षा उपकर में कमी की जा रही है। शिक्षा उप कर ढाई प्रतिशत लिया जा रहा है जिसमें एक प्रतिशत की कमी की गई है इस लिहाज से आम लोगों को इससे ज्यादा राहत मिलती नजर नहीं आ रही है।

वहीं संपत्ति कर वृद्धि के एमआईसी द्वारा स्वीकृत किये गये प्रस्ताव को बजट के विशेष सम्मेलन में रखे जाने पर इस पर हंगामा मचने की संभावना है। चूंकि कांग्रेस द्वारा शुरू से ही कर वृद्धि का विरोध किया जा रहा है लिहाजा बजट प्रस्ताव के दौरान लाये जाने पर कांग्रेस इस प्रस्ताव का पुरजोर विरोध करेगी।

दूसरी ओर भाजपा की मजबूरी है शासन का निर्देश होने के नाते भाजपा इसका विरोध नहीं कर सकेगी और समर्थन करने पर कांग्रेस टैक्स वृद्धि को भाजपा के मत्थे थोपेगी इस बात को देखते हुए फिलहाल भाजपा पार्षद बीच का रास्ता निकालने का भी प्रयास कर रहे हैं, ताकि सांप भी मर जाए और लाठी भी न टूटे।

भाजपा पार्षद चाह रहे हैं कि टैक्स वृद्धि के प्रस्ताव को बजाए सामान्य सभा की बैठक में लाने के एमआईसी द्वारा अनुमोदन कर सीधे शासन को भेज दिया जाए जबकि एमआईसी ने परिषद के लिए अनुशंसा कर दी है। बहरहाल बजट के साथ टैक्स वृद्धि को लेकर जहां भाजपा ऊहापोह की स्थिति में है तो कांग्रेस इसका लाभ लेने की तैयारी में है।



# शहर की सरकार का बजट सोमवार को

रायगढ़ (25 मार्च)। नगर निगम में सोमवार को बजट पेश होगा, साथ ही संपत्ति कर बढ़ोत्तरी के प्रस्ताव को परिषद के अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जावेगा। निगम का यह विशेष सम्मेलन भाजपा के लिए अग्नि परीक्षा होगा, चूंकि प्रदेश सरकार द्वारा की गई कर वृद्धि करने का निर्देश जारी किया है जिसके आधार पर निगम में भी मेयर इन कौंसिल ने भी टैक्स में 50 प्रतिशत वृद्धि का प्रस्ताव बनाकर गेंद परिषद के पाले में डाल दी है। कांग्रेस द्वारा इसका विरोध करने की रणनीति बनाई जा रही है जिससे निगम में विपक्ष की भूमिका में बैठी भाजपा की परेशानी बढ़ना स्वाभाविक है।

इन विषयों की जांच परी

### सभी वार्डों में 30-30 लाख रुपए के 14 करोड़ के निर्माण कार्यों का सौंपा स्टीमेट

# महापौर ने नगरीय प्रशासन मंत्री से की मुलाकात

क्रांतिकारी/न्यूज





रायगढ़। महापौर मधु बाई ने शहर के 48 वार्डों में विकास कार्य का प्रपोजल नगरीय निकाय मंत्री अमर अग्रवाल को सौंपा है। जिसमें प्रत्येक वार्ड में 30 लाख रुपए के निर्माण के लिए कुल 14 करोड रुपए का स्टीमेट तैयार कर राशि स्वीकृत करने की मांग की है।

गुरुवार को महापौर मधु बाई महानदी भवन मंत्रालय नया रायपुर पहुंची जहां नगरीय प्रशासन मंत्री अमर अग्रवाल से मुलाकात कर नगर के रुके विकास कार्यों को लेकर गहन चर्चा की। इस चर्चा के दौरान मधु बाई ने शहर के प्रत्येक वार्ड में 30-30 लाख रुपए के निर्माण कराए जाने की जानकारी देते हुए 14 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान करने की मांग की। जिस पर मंत्री अमर अग्रवाल ने 21 तारीख की समीक्षा बैठक के उपरांत राशि स्वीकृति का भरोसा दिलाया है। इसके बाद महापौर ने रायगढ़ नगर निगम की माली हालत को सुधारने के लिए नगर निकाय सचिव डा. रोहित यादव से भी मुलाकात की। साथ ही संचालक नारायण दास से मुलाकात कर अधोसंरचना मद एवं निगम मद में राशि स्वीकृत करने की मांग की है। रायगढ़ नगर निगम में अपना दो वर्ष का कार्यकाल पूरा करने के करीब आ चुकी महापौर ने नगर विकास को लेकर दौड भाग शुरु कर दी है। कुछ दिन पहले महापौर ने मुख्यमंत्री से भी मुलाकात कर निर्माण कार्यों की स्वीकृति के लिए राशि की मांग की थी। इसके बाद नगरीय निकाय मंत्री से विकास कार्यों को तेज करने के लिए राशि की मांगी है। महापौर ने बताया कि रायगढ़ नगर निगम को किसी तरह का फंड नहीं मिलने से वार्डों में मूलभूत विकास के कार्य अटके पड़े हैं। सभी वार्डों में 30-30 लाख रुपए के काम कराए जाने हैं। ऐसे में नगरीय निकाय मंत्री से निवेदन किया गया है कि जल्द से जल्द राशि स्वीकृत कराने की मांग की है।